प्रेषक,

अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड
प्रयागराज। email id: mlcdalld@gmail.com

सेवा में,

निदेशक
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ
टेण्डर
12 MAY 2026
ह0 प्राप्तकर्ता ............
नाम ............

पत्रांकः– 1357 / ल0डा0न0ख0प्र0 / टेण्डर / देवरा एवं सुलमई पम्प नहर / दिनांक 12-05-2026

विषयः– अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–02 / EE/MLCD/PRG/2026-27

महोदय,

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–02 / EE/MLCD/PRG/2026-27 06 प्रतियां एवं उसकी सी0डी0 संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उक्त ई–निविदा सूचना को प्रयागराज मण्डल में व्यापक प्रचार–प्रसार वाले दैनिक समाचार पत्रों में एक बार यथा शीघ्र प्रकाशित कराने एवं प्रकाशन की एक प्रति इस कार्यालय को प्रेषित (ई–मेल के माध्यम से ) करने का कष्ट करें।

संलग्नक– उपरोक्तानुसार

(षष्टेश्वर नाथ)
अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड प्रयागराज

पत्रांकः– 1357 / ल0डा0न0ख0प्र0 / टेण्डर / देवरा एवं सुलमई पम्प नहर / दिनांक– 12-05-2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को ई–निविदा सूचना की प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. मुख्य अभियन्ता नलकूप–वाराणसी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश वाराणसी।
2. अधीक्षण अभियन्ता, नलकूप मण्डल, प्रयागराज।
3. अधीक्षण अभियन्ता, कम्प्यूटर केन्द्र, कार्यालय प्रमुख अभियन्ता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ को उपरोक्त निविदा सूचना संबंधित निविदा प्रपत्र की हार्ड कापी एवं सी0डी0 के माध्यम से शासनादेश संख्या 768 / 205–27–सिं–3–8 टी / 84, दिनांक 03.03.2005 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं विभागीय बेबसाइट पर प्रकाशन हेतु प्रेषित है।
4. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
5. पुलिस अधिक्षक– प्रयागराज।
6. मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज।
7. अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड–प्रथम / द्वितीय–प्रयागराज को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि दिनांक–26.05.2026 को अपराह्न 13:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थिति होकर निविदा खोलने में सहयोग प्रदान करें / तृतीय / नलकूप निर्माण खण्ड, प्रयागराज।
8. जिला सूचना अधिकारी प्रयागराज।
9. सहायक अभियन्ता प्रथम / द्वितीय / तृतीय, लघु डाल नहर खण्ड, प्रयागराज।
10. खण्डीय लेखाधिकारी, लघु डाल नहर खण्ड, प्रयागराज।
11. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

(षष्टेश्वर नाथ)
अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड प्रयागराज

a/c

**निविदा सूचना संख्या–02 / अधि0 अभि0 ल0डा0न0ख0प्र0 / 2026–27 के लिए आवश्यक नियम एवं शर्तेः–**

1. यह निविदा / बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://upgov.nic.in एवं http://etender.up.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in पर उपलब्ध है।
2. प्रमुख अभियन्ता, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्रांक 825 / मु0अ0(सू0प्र0सं0) / क0के0 / ई–टेण्डरिंग / दिनांक 27.12.2019 के निर्देशानुसार निविदा शुल्क (Tender Cost) व धरोहर धनराशि (EMD) का भुगतान एवं वापसी की प्रकिया ऑनलाइन माध्यम से ई–टेण्डरिंग पोर्टल etender up. nic.in पर NIC के माध्यम से की जायेगी, जिसके लिए प्राविधान है।

(i) Cost of bid Document (non-refundable)To be deposited in the account of UP e-tender Account through e-tender portal by internet banking only. All concerned please note that bidding process will not move onward if Bid Documents cost ( Tender Fee) is not paid through e-tender portal by internet Banking.

(ii) Bid Security (EMD): Bids must be accompanied with security of amount specified for work Bid security will be deposited in the account of UP e-tender account e-tender portal by internet banking only. All concerned please note that bidding process will not onward if Bid Security (EMD) in not paid through e-tender portal by internet Banking. No other form of bid security will be accepted. Uploading of proof on onling payment is not mandatory.

3. Technical evaluation will be done manually and result will be uploaded online. Financial bid will be accepted only for those bidders who will be qualified in the technical bid financial bidding result will be shown online.
4. इस निविदा को बिना कारण बताए पूर्ण एवं आंशिक संशोधन अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा इस संबंध में किसी का किसी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।
5. निविदा समिति द्वारा निविदा डाक्यूमेंट में निर्धारित प्रकिया के अनुसार निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन किया जायेगा तथा तकनीकी मूल्यांकन में सफल निविदादाता का ही फाइनेशियल बिड खोला जायेगा। फाइनेशियल बिड खोलने की तिथि का निर्धारण निविदादाताओं की संख्या के आधार पर करते हुए नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कर दिया जायेगा एवं online अपलोड की जायेगी।
6. रू0 100.00 के नान–जुडिशियल स्टॉम्प पेपर एक रूपये की रसीदी टिकट लगाकर अनुबन्ध लिखना होगा कि दरें 90 दिवस तक मान्य होगी। 90 दिवस से पहले निविदा / आफर वापस लेने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
7. इच्छुक निविदादाता निविदा सम्बन्धी सभी शर्तो और नियमों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल नहर खण्ड,प्रयागराज के कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते है।
8. निविदादाता को सुझाव दिया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व समस्त विभागीय नियमों व शर्तो का संज्ञान लेते हुए कार्यस्थल का निरीक्षण कर कार्य की स्थिति एवं परिस्थित से भलीभांति भिज्ञ होले।
9. **(लाट संख्या 01, 02, 05, एवं 08 के लिए)** निविदादाता का **विद्युत कार्य हेतु उ0प्र0 विद्युत सुरक्षा परिषद में श्रेणी–ए" अनुमोदित में वैद्य–पंजीयन** अनिवार्य है अन्य कोई भी पंजीयन मान्य नही होगा।
10. सभी लाट के लिए यू0पी0 इलेक्ट्रोनिक्स कॉरपोरेशन लिमिटेड रजिस्ट्रेशन की प्रति अनिवार्य है।
11. **अनुभव प्रमाण–पत्र** निविदा आमंत्रित करने के माह के पूर्ववर्ती माह की अन्तिम तिथि तक की अवधि तक **पिछले 05 वर्षो में सफलतापूर्वक पूर्ण किये गये कार्यो का अनुभव** निम्नानुसार होना चाहिए:

   **(क) लाट वार निविदित किन्हीं तीन पूर्ण कायों की जिसमें प्रत्येक कार्य की लागत अनुमानित लागत का 40 प्रतिशत से कम न हो।**

   **अथवा,**

   **(ख) लाट वार निविदित किन्हीं दो कार्यों की जिसमें प्रत्येक कार्य की लागत अनुमानित लागत का 50 प्रतिशत से कम न हो।**

   **अथवा,**

   **(ग) लाट वार निविदित के किसी एक पूर्ण कार्य जिसकी लागत अनुमानित लागत का 80 प्रतिशत से कम न हो।**

*(नोट–लघु डाल नहर खण्ड प्रयागराज में किये गये पूर्ण कार्य हेतु निविदादाता को अपने लेटर हेड पर कराये गये कार्य से सम्बन्धित अनुबन्ध सं0 का विवरण अंकित कर जमा करना है, अनुभव प्रमाणपत्र लगाने की बाध्यता नही है।)*
*उपरोक्त अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड न किये जाने की स्थिति में निविदादाता की निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।*

12. संस्था का नाम एवं पूर्ण पता हो, हस्ताक्षर करने होगे। हस्ताक्षर न होने पर निविदा अमान्य की जा सकती है। निविदादाता को अपना व्हाट्एप नम्बर एवं ईमेल पता देना अनिवार्य होगा। व्हाट्सएप या ईमेल द्वारा दी गयी सूचना को भी निविदादाता को प्राप्त हुआ माना जायेगा।
13. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रों का पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता से प्राप्त वांछित समस्त आवश्यक प्रपत्र / अभिलेख ठीक है अथवा नही, इसमें किसी प्रकार की कमी या असन्तोष जनक पाये जाने की स्थिति में निविदादाता द्वारा दी गयी निविदा को Unresponsive माना जायेगा।
14. बेबसाइट पर ड्राइंग उपलब्ध न हो सकने की स्थिति में सम्बन्धित सहायक अभियन्ता के कार्यालय से ड्राइंग आदि देखी जा सकती है।
15. निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने के पश्चात भी यदि यह तथ्य किसी भी माध्यम या कार्यवाही के दौरान संज्ञान में आता है कि नियम व शर्तो का किसी भी स्तर पर उल्लधंन किया गया है या कोई फर्जी दस्तावेज / प्रतिभूति धनराशि पत्र विभाग को अनुबन्ध हेतु दिया गया हो तो ऐसे अनुबन्ध को समक्ष अधिकारी द्वारा सकारण आदेश प्रख्यापित कर निरस्त किया जायेगा तथा ठेकेदार द्वारा कराये गये कार्य को श्रमदान घोषित कर ठेकेदार के विरूद्व विधिक कार्यवाही की जायेगी तथा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
16. यदि ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार का कार्य प्राप्त करने के लिए कार्य की अनुमानित लागत से अत्यन्त कम दरे दे दी जाती है, तो ऐसी स्थिति में समक्ष अधिकारी को यह आशंका हो कि ठेकेदार द्वारा साभिप्राय कम दरे दे दी जा रही और इस प्रकार गुणवत्ता के साथ मानको के अनुरूप कार्य पूर्ण किया जाना सम्भव नही हो पायेगा तो सक्षम अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह निविदादाता से कम दरें देने का विस्तृत विवरण मांगे। ऐसे मांगे गये दर विश्लेषण का दो दिवस के अन्दर देना होगा तथा शासनादेश संख्या 16 / 326 / 17–27–सिं–3–08 टी0 / 84 दिनांक 21.04.2017 के पैरा संख्या–5 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार आशंका की पुष्टि होने पर सक्षम अधिकारी के द्वारा गुण–दोष के आधार पर सकारण आदेश प्रख्यापित कर निविदा निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त की जा सकती है।
17. कोई राजपत्रित अभियन्ता अथवा राजपत्रित अधिकारी, जो कि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के प्रशासकीय विभाग में कार्यरत हो, सेवानिवृत्त के उपरान्त दो वर्ष तक बिना सरकार की अनुमति के ठेकेदारी के काम के लिए प्रतिबन्धित होगे। ऐसी स्थिति में यदि यह पाया जाता है कि ठेकेदार अथवा उसके

प्रतिनिधि/कर्मचारी ने निविदा डालने से पहले राज्य सरकार से अनुमति नही ली है तो उसका ठेका निरस्त किया जा सकता है। निविदादाता द्वारा इस आशय का शपथपत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

18. अनुबन्धित कार्य के सापेक्ष धन उपलब्धता की सीमा तक ही कार्य कराये जाने का प्रतिबन्ध भी लगाया जा सकता है। विलम्ब से धन उपलब्ध/प्राप्त होने की स्थिति में फर्म/ऐजेन्सी का कोई दावा मान्य नही होगा।
19. कार्य स्थल के निकट अवस्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों की संरचानाओं की सुरक्षा का पूर्ण दायित्व ठेकेदार का होगा। सभी संरचानाओं की सुरक्षा हेतु Engineer-in-charge के निर्देश मानने के लिए ठेकेदार बाध्य होगा, अन्यथा की स्थिति में क्षतिपूर्ण का पूर्ण उत्तर दायित्व ठेकेदार का होगा।
20. बिड डाक्यूमेट्स के साथ संलग्न होने वाले प्रपत्रों/रिर्काड्स को अपलोड करने के साथ ही इनका विवरण निर्धारित चेक लिस्ट के साथ भरना अनिवार्य है। यदि निविदादाता द्वारा चेक लिस्ट में पूर्ण विवरण नही भरा जाता है और इस कारण से उसकी निविदा असफल हो जाती है या कोई अन्य विपरीत स्थिति उत्पन्न होती है तो इसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा। इस सम्बन्ध में कोई वाद मान्य नही होगा।
21. अनुबन्धित कार्य से सम्बन्धित सामग्री एवं अन्य आवश्यक टेस्टिंग ठेकेदार को अपने स्वयं के खर्चे पर मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला से कराना होगा।
22. उपरोक्त निविदा धनावंटन की प्रत्याशा मे आमंत्रित की जा रही है।
23. प्रत्येक निविदादाता को फाइनेन्शियलबिड (Financial/Price Bid) के साथ रू0 **100/-(Non-Judicial) स्टैम्प पेपर जिस पर रू0 1/- का रेवेन्यू टिकट लगाकर टिकट के ऊपर हस्ताक्षर करना तथा स्टैम्प पेपर पर निविदा संख्या, लाट संख्या व कार्य का नाम एवं दरे 90 दिवस तक के लिए मान्य होंगी लिखना अनिवार्य होगा। इससे पहले निविदा**/ऑफर वापस लेने पर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। इस की स्कैण्ड कापी ऑनलाइन निविदा के साथ अपलोड करनी होगी। निविदादाता द्वारा जी0एस0टी0, आयकर, लेबरसेस, स्टैम्प ड्यूटी, रायल्टी व अन्य प्रचलित नियमानुसार देय होगा। अनुबन्ध से पूर्व नियमानुसार धरोहर धनराशि एवं स्टाम्प ड्यूटी जमा करनी होगी।
24. प्रत्येक निविदादाता को निम्न जानकारी की मूल अभिलेखों की स्कैण्ड प्रतिलिपि को बिड के साथ ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर निम्न क्रम में अपलोड किया जाना अनिवार्य है:-
    (क) संबंधित श्रेणी का पंजीयन प्रमाण-पत्र।
    (ख) चरित्र प्रमाण-पत्र (IDT-1)
    (ग) हैसियत प्रमाण-पत्र (IDT-2)
    (घ) नोटरी द्वारा प्रमाणणित शपथ-पत्र (IDT-3)
    (च) लाट वाइज समान कार्य का अनुभवप्रमाण-पत्र।
    (छ) पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2022-23, 2023-24 व 2024-25) का आयकर चुकता प्रमाण-पत्र।
    (ज) पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2022-23, 2023-24 व 2024-25)की बैलेन्ससीट सी0ए0 द्वारा प्रमाणित।
    (ट) निविदा मूल्य निर्धारित प्रतिभूति धनराशि तथा दरें 90 दिवस तक मान्य होगी, का अनुबन्ध।
    (ठ) जी0एस0टी0 तथा पैन रजिस्ट्रेशन की प्रति।
    (ड) श्रम विभाग द्वारा निर्गत लेबर सर्टिफिकेट की प्रति।
    (ढ) विगत 5 वर्षो का टर्न ओवर सी0ए0 द्वारा प्रमाणित।
    (ण) संस्था के प्रकरण में पार्टनर शिप डीड के अनुभव की अभि प्रमाणित प्रति।
25. उपरोक्त/वांछित अभिलेखों के अतिरिक्त अनावश्यक अभिलेख निविदा के साथ संलग्न करने पर निविदा निरस्त किया जा सकता है।
26. सिंचाई विभाग उ0प्र0 में सिविल में पंजीकृत ठेकेदार, जो राज्य सरकार द्वारा द्वारा काली सूची में दर्ज हो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नही ले सकेगा एवं **काली सूची** में दर्ज न होने का **शपथपत्र ठेकेदार द्वारा रू0 100** के नान-जुडिसियल स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत करना होगा।
27. निविदा सूचना सं0 02 के कालम संख्या-4 में इंगित धरोहर धनराशि (लाट वाइज), एफ0डी0आर0 अथवा नियमानुसार अन्य प्रतिभूति के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल नहर खण्ड, प्रयागराज के पक्ष में बन्धक होगी, आनलाइन जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार्य नही की जायेगी।
28. चरित्र प्रमाणपत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, स्वघोषणा प्रमाण-पत्र की वैधता समाप्त पाये जाने पर निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
29. नियमानुसार देय जी0एस0टी0, आयकर स्टाम्प ड्यूटी, रायल्टी आदि , समस्त करों की वसूली समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुसार की जायेगी।
30. प्राप्त निविदा प्रपत्रों में पहले परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता आई0डी0टी0-1 आई0डी0टी0-2 आई0डी0टी-3 तथा निर्धारित प्रतिभूति धनराशि ठीक-ठीक उपलब्ध करायी गयी या नहीं, इनमें किसी प्रकार की कमी या असंतोष होने की स्थिति में निविदादाता की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदाता/द्वारा लाट वाइज कार्य की Quote की गयी धनराशि की तुलना Item wise न करते हुए कुल लागत धनराशि के आधार पर की जायेगी।
31. कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण टी0ए0सी व अन्य किसी चेकिंग संस्था द्वारा किये जाने पर यदि कोई वसूली निकाली जाती है तो ठेकेदार को वहन करना होगा।
32. यह निविदा संभावित वित्तीय स्वीकृति/बजट आवंटन की प्रत्याशा में निर्गत की जा रही है। यदि किन्ही कारणों से बजट आंवटन/वित्तीय स्वीकृत कम होता है अथवा नही होता है तो प्राप्त बजट के सापेक्ष ही अनुबन्ध गठन किया जायेगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा जिसके लिए ठेकेदार का कोई दावा मान्य नही होगा।
33. अनुबन्ध गठित होने पर ठेकेदार द्वारा श्रम विभाग में श्रमिकों का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। ठेकेदार का वणिज्य कर विभाग में पंजीकरण अनिवार्य होगा।
34. वैध वित्तीय निविदाओं में एक समान निविदत्त कार्य की लागत आकलित होने पर अधिकतम कार्य अनुभव (कार्य की पूर्ण लागत) निविदादाता को न्यूनतम निविदादाता निर्णीत कर अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी।
35. राज्य बार काउन्सिल में पंजीकृत कोई भी निविदा प्रकिया में भाग नही ले सकेंगे।
36. कार्य को सबलेट नही किया जा सकता है अन्यथा कि स्थिति में अनुबन्ध निरस्त कर ठेकेदार पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी।
37. निविदादाता को उपरोक्तानुसार कार्यस्थल की पूर्ण जानकारी निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व स्वयं प्राप्त करनी होगी एवं कोई भी अन्य जानकारी कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल नहर खण्ड, प्रयागराज से किसी भी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है। अनुबन्ध गठित होने के पश्चात् ठेकेदार/फर्म का कोई क्लेम (दावा) मान्य नही होगा।
38. आई0डी0फार्म 111 व 112 में दी गयी सभी शर्ते ठेकेदार को मान्य होगी।
39. शासनादेश संख्या-622/23-12-2012-2 आडिट/08 टी0सी0 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार कार्यो की दर विभागीय दरों से ठेकेदार द्वारा दी गयी निवित्त दर 1 प्रतिशत से 10 प्रतिशत तक कम होन पर 0.5 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत की कमी पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक दरों की कमी पर 1 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत की कमी पर अतिरिक्त परफारमेंस जमानत धनराशि देय होगी। यह परफारमेंस जमानत धनराशि निविदा में उल्लिखित धरोहर/जमानत धनराशि के अतिरिक्त

देय होगी तथा अनुबन्ध के समय उक्त परफारमेंस जमानत धनराशि जमा करने की बाध्यता होगी, विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य कराने में असफल रहने पर, धरोहर धनराशि तथा परफारमेंस जमानत धनराशि विभाग द्वारा जब्त कर ली जायेगी।

40. कार्य की लागत का 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि (Security Deposit with stamp duty@ Rs. 70/- per Rs. 1000.00)राष्ट्रीय कृत बैंक के द्वारा निर्गत केवल एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अभियन्ता, लघु डाल नहर खण्ड, प्रयागराज के नाम/पक्ष मे बन्धक होगी तथा प्रयागराज में देय होगी, अनिवार्य है, जिसे अनुबन्ध के समय जमा करने की बाध्यता होगी। उक्त धरोहर धनराशि जमा न करने पर, Bid Security (EMD) जब्त करते हुए द्वितीय निविदादाता के साथ अनुबन्ध गठन की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

41. शासन के सुसंगत आदेश के अभाव में डिप्लोमाधारी ठेकेदार की निविदाओं को धरोहर धनराशि के बगैर स्वीकार नहीं की जायेगी।

42. कार्य की मात्रा घट बढ़ सकती है। इस संबंध में अनुबन्ध के समय अद्योहस्ताक्षरी का निर्णय अन्तिम होगा एवं इस संबंध में कोई दावा स्वीकार नहीं होगा।

43. न्यूनतम दरदाता द्वारा अनुबन्ध हेतु प्रतिभूति/जमानत धनराशि, निविदा स्वीकार किये जाने/स्वीकृति पत्र निर्गमन की तिथि के सात दिवस के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वयं निरस्त मान ली जायेगी।

44. समस्त कार्य समयबद्व है अतः निर्धारित समयान्तगर्त कार्य पूर्ण करने हेतु रात्रि काल में कार्य कराये जाने की आवश्यकता होगी। उक्त कार्य को सुरक्षापूर्ण सम्पादित करने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण, टी0एण्डपी0 एवं रात्रि काल में कार्यो के सम्पादन हेतु समुचित प्रकाश की व्यवस्था (डीजल, जनरेटर एवं इंधन की व्यवस्था) ठेकेदार को स्वयं ही करनी होगी, जिसके लिए कोई अग्रिम/अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

45. सशर्त दी गयी निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

46. निविदादाता द्वारा निविदा डालते समय प्रकिया की पूर्ण जानकारी/ट्रेनिंग अथवा किसी भी अन्य कारण से शर्तो को पूर्ण न कर पाने/बाधित हो जाने के कारण निविदा न पड़ने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

47. यदि कोई ठेकेदार निर्धारित विधि एवं प्रकिया के विरूद्व अनुबन्ध करने हेतु सक्षम प्राधिकारी पर दबाव/असम्यक् असर डालता है तो प्रश्नगत् निविदादाता के न्यूनतम निविदा की बोली की स्थिति में भी उसकी निविदा निरस्त की जा सकती है।

48. यह संज्ञान में आने पर किसी निविदाता द्वारा किसी संभावित निविदादाता को इस निविदा प्रक्रिया में भाग लेने एवं निविदा डालने से रोका गया हो तो या धमकी दी गयी हो तो ऐसे ठेकेदार के साथ यदि अनुबन्ध हो भी गया हो तो उसके साथ किया गया अनुबन्ध निरस्त किया जा सकता है।

49. विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय में यदि कोई परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना ऑनलाइन /नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध करादी जायेगी। निविदा की प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू होने के पश्चात् किसी भी लाट के सम्बन्ध में समस्त अग्रिम कार्यवाही सिर्फ ऑनलाइन ही होगी, प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा की प्रक्रिया शुरू होने के पश्चात् ऑनलाइन निविदा के सम्बन्ध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्वि –पत्र की जानकारी वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

50. आयकर/सेस व अन्य कटौती ठेकेदार के बिलों से नियमानुसार की जायेगी।

51. निविदा में दी गयी मात्रा अनुमानित है, आवश्यकता पड़ने पर उन मात्राओं मे कमी–वेशी का अधिकार विभाग को होगा। ठेकेदार को बढ़ी हुई मात्रा भी अपने अनुबन्ध में दिये गये दर पर ही करनी होगी और कमी–वेशी के लिए विभाग पर कोई क्लेम स्वीकार नहीं होगा।

52. अनुबन्ध गठित करने की कार्यवाही सक्षमस्तर से कार्य एवं लागत का अनुमोदन प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा, इसके लिए ठेकेदार का कोई दावा मान्य नही होगा।

53. निविदित कार्य,कार्यस्थल पर सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता के समक्ष बी0ओ0क्यू0 व स्वीकृत ड्राइंग के अनुरूप सम्पादित किया जायेगा।

54. कार्य को पूर्ण करने के दौरान यदि कोई भी घटना/दुर्घटना घटित होती है तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी न्यूनतम दरदाता ठेकेदार की होगी, जिसके पक्ष में अनुबन्ध गठित किया जायेगा।

55. निविदादाताओं को विगत 03 वर्षो के आयकर रिर्टन की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

56. कार्य की पूर्णता की अवधि स्वीकृत पत्र निर्गमन की तिथि से लाट वाइज निविदा सूचना सं0 02 के कालम सं0 06 के अनुरूप होगी।

57. न्यूनतम दरदाता ठेकेदार जिसके पक्ष में अनुबन्ध गठित किया जायेगा, द्वारा जमानत धनराशि, कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु डाल नहर खण्ड प्रयागराज, के नाम कार्य की पूर्णता की तिथि से 06 माह की अवधि तक बंधक रहेगी।

58. कार्य पूर्ण किये जाने की तिथि से सम्पादित कार्य की दोष दायित्व की अवधि 06 माह होगी। उक्त अवधि में सम्पादित कार्य में किसी प्रकार कादोष उत्पन्न होने पर साइट इंचार्ज द्वारा सूचित करने पर दोष को यथा शीघ्र 02 से 03 दिवस के अन्दर सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा स्वयं के व्यय पर ठीक कराया जाना अनिवार्य होगा। उक्त के पश्चात् ही प्रतिभूति की धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

59. लाट वाइज तकनीकी विशिष्टियों एवं तकनीकी शर्तो के अनुरूप कार्य सम्पादित करना होगा।

60. लाट वाइज कार्य सम्बंधित लाट की तकनीकी विशिशिटयों के अनुरूप सयम से पूर्ण करना अनिवार्य है। समय से कार्य पूर्ण न करने पर विभागीय नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**LIQUIDATED DAMAGES**: If the entire work or any part thereof is not completed by the due-date the liquidated damages shall become payable at the rate of ½% per week of the contract value exclusive duties & taxes of delayed completion of work subject to a maximum of 10% of contract value of such portion of work.

61. DISPUTE: All disputes arising out of this Contract shall be subjected to the provisions of Arbitration and Conciliation Act-1996 and subsequent amendment thereof. Disputes not covered under the arbitration provisions or any dispute during or after Tendering process shall be subjected to the territorial jurisdiction of Allahabad Courts of Uttar Pradesh only.

1. निविदा से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने हेतु सम्पर्क दूरभाष एवं अन्य विवरण निम्नवत् है :–

| कार्यालय का नाम | मेबाइल नम्बर | ई–मेल आई0डी0 |
|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता<br>लघु डाल नहर खण्ड, प्रयागराज | 9454414750 | mlcdald@gmail.com |

Signature Not Verified
Digitally signed by SHASHTESHWAR NATH
Date: 2026.05.15 11:47:43 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

अधिशासी अभियन्ता
लघु डाल नहर खण्ड
प्रयागराज